दिनांक : 11.08.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**प्रधानमंत्री - सांसद फ्लैट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। **इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी भारत अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील है और विकास के लिए आकांक्षी है।** उन्होंने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 350 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चार टॉवरों का नाम देश की महान नदियों के नाम पर दिया गया है। करोड़ों लोगों की जीवनदायिनी ये चार नदियां कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं।

श्री मोदी ने इन फ्लैटों के निर्माण में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि इनके कठिन परिश्रम से यह परियोजना संभव हो सकी है।

**हर घर तिरंगा**

हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सभी जिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवल करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

*प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों के साथ लोगों को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज ग्वालियर में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। सिटी सेंटर से तिरंगा यात्रा आकाशवाणी होते हुए कृषि विश्वविद्यालय के तक पहुंचेगी। उधर खंडवा जिले में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं की रैलियां आयोजित कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं मंदसौर प्रदेश के साथ जिले के ग्राम फतेहगढ़ में कल हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्योपुर जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी शासकीय भवनों के साथ ही निजी इमारतो पर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिये*

*हैं। मंडला जिले में आज विशाल वाहन रैली निकाली गई। अन्य जिलों से भी कार्यक्रम के आयोजन संबंधी समाचार मिले हैं।*

*अश्विनी दुबे, आकाशवाणी समाचार, भोपाल*

**पर्यावरण कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापत्य कला में हमारा प्राचीन ज्ञान परिस्थितिजन्य नहीं, बल्कि प्रकृतिजन्य है, जो प्रकृति से सामंजस्य बिठाता है। कार्यशाला में अखिल भारतीय संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गोपाल आर्य, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और भास्कराचार्य संस्थान के महानिदेशक टी.पी. सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

**हॉस्पिटल शुभारंभ**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल ग्वालियर के जयारोग्य चिकित्सालय समूह के हज़ार बिस्तर अस्पताल में नॉन-कम्युनिकेबल

डिज़ीज़-एनसीडी क्लीनिक का शुभारंभ किया। श्री शुक्ल ने कहा कि एनसीडी क्लीनिक गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाने और उनका इलाज शुरू करने में सहायक होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलती जीवन शैली, खान-पान की गलत आदतें, तनाव और शारीरिक श्रम की कमी के कारण हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, उच्च रक्तचाप और थायरॉइड जैसी एनसीडी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अक्सर इन बीमारियों का देर से पता चलने पर ये जानलेवा साबित होती हैं। इसी समस्या को देखते हुए एम्स भोपाल के बाद अब जयारोग्य अस्पताल समूह में यह विशेष क्लीनिक शुरू किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आगरमालवा में भिलाला समाज द्वारा चल समारोह  निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

2- अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने आज जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष, मैटरनिटी बिंग, पैथोलॉजी लैब में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

3- नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग" अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया।

4- अनूपपुर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत भीषण सड़क हादसे में मोटर साइकिल को टक्कर  मार भाग रही स्कॉर्पियो वाहन पलट गया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई।

……………………………………